# भजन कीर्तन करते आगे बढ़ रही भोगिशैल परिक्रमा यात्रा

**जोधपुर,वेब वार्ता ।** शहर में भोगिशैल परिक्रमा यात्रा भजन कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रही है। यात्रा के तीसरे दिन का पड़ाव बड़ली में किया गया। इस दौरान पूरे रास्ते व पड़ाव स्थलों पर श्रद्धालुओं की सेवा में कई संस्था-समितियां जुटी हुई। इन यात्रियों के साथ पूर्व महारानी हेमलता राज्ये भी सामान्य पद यात्री की तरह पदयात्रा कर रही है।हिन्दू सेवा मण्डल जोधपुर द्वारा निकाली जा रही परिक्रमा यात्रा ने आज तीसरे दिन सुबह चौपासनी से प्रस्थान किया। यात्रा हथकरघा भवन, दंताल माता मंदिर, श्रीजी बैठक, कच्छवाहा चौराहा, अरना तीर्थ, झरना तालाब, भदरेसिया, हाड़माता मंदिर, कदमकंडी की सीढ़ियां होते हुए बड़ली पहुंची। अगले दिन 28 मई को यात्रा बड़ली से प्रस्थान कर केरू-बेरू रोड, सोढ़ों की ढाणी, रूपावतों का बेरा, कुई बावड़ी, भूरी बेरी, अक्षरधाम मंदिर, पन्नालाल गौशाला, बृहस्पति कुण्ड होते हुए वैद्यनाथ महादेव मंदिर पहुंचेगी। विश्राम वैद्यनाथ महादेव क्षेत्र में रहेगा।परिक्रमा यात्रा आयोजन समिति के संयोजक नरेश जाजड़ा व सचिव विष्णुचन्द्र प्रजापत ने बताया कि सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज के पावन सानिध्य में हेमलता राज्ये हजारों यात्रियों के साथ भोगिशैल परिक्रमा यात्रा कर रही है। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित धार्मिक मारवाड़ कुंभ मेला परिक्रमा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की सेवा एवं सुविधा के लिए समाजसेवियों ने विभिन्न व्यवस्थाएं कर सेवा भावना का परिचय दिया। परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में भजन-कीर्तन करते हुए नाचते-गाते नजर आए। परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग संस्थाएं सेवा भाव के साथ काम कर ही है। परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी से लेकर नाश्ते आदि की व्यवस्था सामाजिक संगठनों की ओर से की गई है।



# विश्व रक्त कैंसर दिवसः समय पर पहचान और आधुनिक उपचार से ब्लड कैंसर को हराना संभव

**जयपुर,वेब वार्ता ।** बार-बार बुखार आना, शरीर में कमजोरी, खून की कमी और हाथ-पैरों में कमजोरी जैसे लक्षण सामान्य लग सकते हैं, लेकिन लंबे समय तक बने रहने पर ये ब्लड कैंसर के संकेत भी हो सकते हैं। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के ब्लड कैंसर एवं बीएमटी विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह शेखावत ने बताया कि समय पर पहचान और आधुनिक उपचार से ब्लड कैंसर को पूरी तरह हराकर सामान्य जीवन जिया जा सकता है। बाल रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी माथुर ने बताया कि बच्चों में होने वाले कई प्रकार के ब्लड कैंसर का शुरुआती अवस्था में उपचार शुरू कर उन्हें पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। उपचार के बाद बच्चे सामान्य जीवन जी रहे हैं और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में सक्रिय हैं। डॉ. शेखावत ने बताया कि कार-टी सेल थेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) ब्लड कैंसर उपचार में नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। इन तकनीकों से ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मल्टीपल मायलोमा, थैलेसीमिया और एप्लास्टिक एनीमिया जैसे गंभीर रोगों के बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में जीवनदान



परियोजना और क्रोनिक मायलोइड ल्यूकीमिया कैंसर मुक्ति योजना (सीएमएल-सीएमवाए) के तहत मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। अगस्त 2014 से मार्च 2026 तक जीवनदान परियोजना के तहत 11.03 करोड़ रुपए की लागत से 176 बच्चों का सफल उपचार किया गया, जबकि सीएमएल-सीएमवाए योजना के तहत 340 वयस्क मरीजों को कैंसर मुक्त किया गया। डॉ. शिवानी माथुर ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण कई बार बीमारी की पहचान देर से होती है। यदि कोई असामान्य लक्षण लंबे समय तक ठीक न हो तो कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श जरूर लेना चाहिए।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अपनी संस्कृति, आस्था और भविष्य को बचाने का अभियान - आक्या

**चित्तौड़गढ़,वेब वार्ता ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नही, बल्कि जन जन का आंदोलन है। यह अपनी संस्कृति, अपनी आस्था और अपने भविष्य को बचाने का अभियान है। ''जल है तो कल है'' यह केवल एक नारा नही बल्कि जीवन का सत्य है। यदि हम आज जल का संरक्षण करेंगें तो आने वाली पीढ़ियो के लिए सुख, समृद्धि और शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बात चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने बुधवार को शहर के आर्य गुरुकुल गोशाला प्रांगण में पशुपालन एवं गोपालन विभाग की ओर से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल ने सभी से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए जल स्त्रोतो की स्वच्छता एवं सरंक्षण, जल संचयन तथा अधिकाधिक पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का अनुरोध किया। इस दौरान




विधायक आक्या व उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ एवं आमजन ने पौधारोपण किया। पक्षियों के लिए परिंडे लगाए तथा गोमाता को हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री रघु शर्मा, पूर्व यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व नगर परिषद चेयरमेन सुशील शर्मा, नगर मण्डल अध्यक्ष गौरव त्यागी, पूर्व उपसभापति भरत जागेटिया, अनिल ईनाणी, शैलेन्द्र झंवर, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, भोलाराम प्रजापत, गुरुकुल संचालक आचार्य चंद्रदेव, हीरानंद शास्त्री, सार्वदेशिक आर्य वीर दल संचालक आचार्य नंदकिशोर, प्रांतीय संचालक भवदेव शास्त्री, संभाग संचालक विशाल माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधी, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

## मौसम की दोहरी मारः यूपी-बिहार में आंधी-बारिश बनी आफत, कई राज्यों में लू का प्रकोप; 16 लोगों की मौत

**लखनऊ, पटना, वेब वार्ता ।**बिहार और उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश के चलते हुए हादसों में करीब 16 लोगों की मौत हो गई। तेज हवाओं, बिजली आपूर्ति ठप होने, पेड़ और पोल गिरने तथा फसलों के नुकसान से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बिहार के भागलपुर और आसपास के जिलों में सोमवार रात 110 किलोमीटर प्रतिघंटे तक की रफ्तार से चली हवा और वर्षा ने व्यापक तबाही मचाई। इससे हुए हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई। भागलपुर में 200 से अधिक स्थानों पर पेड़ गिर गए और 300 से अधिक बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे 23 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई इलाकों में पानी का संकट गहरा गया। केला, आम और लीची की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा।

**तेज आंधी से अस्पताल की खिड़कियों के शीशे टूटेः** जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के एचडीयू वार्ड की खिड़कियों के शीशे टूट गए और मरीजों को दूसरे वार्डों में शिफ्ट करना पड़ा। वार्ड में पानी भर गया, जिससे मरीजों, तीमारदारों, डॉक्टर व स्टाफ सहित अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मधेपुरा, दरभंगा और मधुबनी में भी तेज आंधी से मकान, स्कूल भवन और पेड़ क्षतिग्रस्त हुए। मौसम विभाग ने दक्षिण बिहार में बादल छाए रहने और सीमांचल क्षेत्र में आंधी-पानी की प्रबल संभावना जताई है।

**उत्तर प्रदेश में भी आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाईः** उत्तर प्रदेश में भी आंधी-तूफान ने भारी तबाही



मचाई है। लखीमपुर, गोंडा, सीतापुर, बस्ती और संतकबीरनगर समेत विभिन्न जिलों में आठ लोगों की मौत हो गई। कई जगह टिनशेड उड़ गए। मकानों की दीवारें और स्कूलों की बाउंड्रीवाल गिर गई। लखीमपुर के कारीबझेरी गांव में आंधी के दौरान लगी आग में 40 घर जल गए। बिजली पोल टूटने से कई गांव अंधेरे में डूब गए। गोंडा में रेल ट्रैक पर पेड़ गिरने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ और वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रास्ते में खड़ी रहीं। दूसरी ओर प्रदेश के 30 जिलों में बुधवार को भी लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

**छत्तीसगढ़ में यलो अलर्ट जारीः** छत्तीसगढ़ के दक्षिण और मध्य जिलों में मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। यहां 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा की संभावना जताई गई है। राजनांदगांव 46.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा।

**उत्तराखंड में हीट वेव का यलो अलर्ट जारीः** उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी रही, जिसके चलते हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा और ओलावृष्टि से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने 29 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने मैदानी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को चंबा में हल्की वर्षा हुई, जबकि अन्य क्षेत्रों में तेज धूप रही। ऊना में तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने 28 से 30 मई के बीच वर्षा, आंधी और ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

**मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से राहत के आसार नहींः** जम्मू समेत मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं। कठुआ 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग के अनुसार मई के अंत तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि, 28 और 29 मई को कुछ हिस्सों में तेज हवाओं और हल्की वर्षा की संभावना है।

**पंजाब में पारा 46 के पासः** पंजाब में बठिंडा 45.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा। लुधियाना, पटियाला और अमृतसर में भी लू चली। मौसम विभाग ने 28 और 29 मई को 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी, हल्की वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। चंडीगढ़ भी भीषण गर्मी की चपेट में है।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का पारदर्शी सुशासन की दिशा में अहम निर्णय

### *राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध 4 प्रकरणों में दी अभियोजन स्वीकृति*

जयपुर, 27 मई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को पारदर्शी और जवाबदेह सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध 4 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति दी है। वहीं, भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन अधिनियम, 2018) के तहत दोष सिद्धि के एक प्रकरण में आरोपित अधिकारी को सेवा से पदच्युत करने का भी अनुमोदन किया है।

मुख्यमंत्री ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ रसायनज्ञ को पेयजल के नमूनों की गुणवत्ता जांच में फर्जी रिपोर्ट तैयार करने के अपराध में सेवा से हटाने का निर्णय लिया है। साथ ही, एक अन्य प्रकरण में दोषी अधिकारी को भी अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी है। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध संचालित 14 जांच प्रकरणों में पेंशन रोकने तथा 2 सेवारत अधिकारियों के विरूद्ध 16 सी.सी.ए. की जांच कार्यवाही में वार्षिक वेतन वृद्धियां रोकने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार सी.सी.ए. नियम 23 एवं 34 के तहत प्रस्तुत अपील एवं रिव्यू याचिका के 7 प्रकरणों को खारिज करते हुए पूर्व में दिए गए दण्ड को यथावत रखा है। वहीं, विभागीय जांच के 3 प्रकरणों में आरोप प्रमाणित नहीं होने के आधार पर दोषमुक्ति का भी अनुमोदन किया है।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.06.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
अजमेर, ब्यावर, 0135510700008246, 8269, 8327, 8382, 8408, 8413, 8417, 8426, 8477, 8506, 0135510730042906, 3496, 3582, 4180, मदनगंज कृष्णगढ़, 0111760700023107, 3112, 4406, 4766, 4929, 5023, 5043, 5261, 5809, 0111760730064824, 5173, 6704, 6855, 6928, 7656, 7887, 7888, 9913, 0128, 0135, पीआर मार्ग अजमेर, 0125030700015131, 0125030730031959, रामगंज अजमेर, 0111700700021489, 2014, 2091, 2152, 2840, 0111700730033903, भीलवाडा, गांधी नगर भीलवाडा, 0116480700020460, 0729, 1602, 1720, 0116480730021672, 1915, 2254, 2461, 2876, 2897, 3439, 6193, 6195, शास्त्री नगर भीलवाड़ा, 0116360700019747, 0389, 0727, 0116360730018989, 9268, 9497, 9773, 0167, 2156, 2244, 2308, 2325, 2327, 2516, सुभाष नगर भीलवाडा, 0116390700025741, 6573, 6731, 6953, 7200, 7329, 7392, 0116390730041616, 2414, 2525, 2526, 2636, 3148, 3320, 3587, 3814, 3933, 6649, 0110,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

## त्विषा केस में एसआईटी की किरकिरी, आधी-अधूरी केस डायरी पर सीबीआई की फटकार

**भोपाल,वेब वार्ता ।** नोएडा की त्विषा शर्मा की भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बहुचर्चित मामले की जांच संभालते ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश पुलिस की एसआईटी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। मंगलवार को सीबीआई ने मामले की जांच शुरू की और पहले ही दिन एसआईटी द्वारा सौंपी गई आधी-अधूरी और अव्यवस्थित केस डायरी देखकर सीबीआई अधिकारी बेहद नाराज हुए। सूत्रों के मुताबिक, केस डायरी में घटनाक्रम क्रमवार दर्ज नहीं था, दस्तावेज बेतरतीब तरीके से लगाए गए और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का स्पष्ट उल्लेख भी नहीं किया गया। इस पर सीबीआई अधिकारियों ने मौके पर मौजूद एसआईटी सदस्यों को जमकर फटकार लगाई। बाद में एसआईटी प्रमुख एसीपी रजनीश कश्यप संशोधित केस डायरी और जरूरी दस्तावेज लेकर पहुंचे। जांच की कड़ी में मंगलवार सुबह सीबीआई टीम सबसे पहले उस बंगले पर पहुंची, जहां त्विषा की संदिग्ध परिस्थितियों में



मौत हुई थी। टीम ने कमरे, आसपास के हिस्सों और घटनास्थल से जुड़े हर पहलू का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने घटनास्थल की परिस्थितियों को समझने के साथ वहां मौजूद भौतिक साक्ष्यों का भी परीक्षण किया। माना जा रहा है कि एजेंसी कई पुराने साक्ष्यों की दोबारा फारेंसिक जांच करा सकती है।

**गिरिबाला सिंह से भी पूछताछ कीः** जांच के दौरान सीबीआई अधिकारियों ने त्विषा की सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह से भी पूछताछ की। उनसे कई सवाल किए और उनके जवाब लिए।

**शादी के बाद से ही त्विषा मानसिक तनाव में थीः** सूत्रों के अनुसार, उनसे परिवार के माहौल, त्विषा एवं समर्थ सिंह के वैवाहिक संबंधों और घटना से पहले की परिस्थितियों को लेकर सवाल किए गए। इसके बाद सीबीआई टीम लालघाटी स्थित थ्रीईएमइ सेंटर पहुंची, जहां त्विषा के माता-पिता और अन्य स्वजन ठहरे हुए हैं। उन्होंने सीबीआई को बताया कि शादी के बाद से ही त्विषा मानसिक तनाव में थी। स्वजन ने चैट, फोन काल और आखिरी बातचीत से जुड़ी जानकारियां एजेंसी को बताई। सीबीआई ने डिजिटल साक्ष्यों, काल रिकार्ड और मोबाइल डेटा को भी जांच के दायरे में लिया है।


**समर्थ सिंह को रिमांड पर लेगी सीबीआईः** दिनभर की कार्रवाई के बाद सीबीआइ अधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मुलाकात कर अब तक की पुलिस जांच और कार्रवाई की जानकारी ली। देर रात एसआइटी ने केस डायरी सीबीआइ टीम को सौंपी। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, दस्तावेज और अन्य जब्त सामग्री भी सीबीआई को सौंप दिए गए। एजेंसी बुधवार को आरोपित समर्थ सिंह को विशेष अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की तैयारी में है।

## राष्ट्रीय सैनी सभा के श्रवण कुमार सैनी जिलाध्यक्ष नियुक्त

झुंझुनूं। सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी की अभिशंषा पर प्रदेश महासचिव डॉ. शिवकुमार सैनी ने श्रवण कुमार सैनी पुत्र नथमल सैनी फौजी का मोहल्ला को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। श्रवण कुमार सैनी लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, समाज सेवा और कार्यशैली को देखते हुए सैनी को जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्रवण कुमार सैनी वर्तमान में राजस्थान टेंट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं एवं समाज के विभिन्न कार्यक्रमों और जनहित कार्यों में सक्रिय भागीदारी रखते हैं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रवण सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सैनी सभा द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। संगठन को जिले में और अधिक मजबूत बनाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही जून में संगठनात्मक विस्तार को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## श्रीमती नीलम सवाई सिंह जग्गूका बनी सुजस क्विज विजेता

झुंझुनूं। जिले के नवलगढ़ हाल जयपुर निवासी श्रीमती नीलम सवाई सिंह जग्गूका सुजस क्विज प्रतियोगिता में विजेता रही। जिसपर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग जयपुर ने नीलम सैनी को सम्मानित किया। राजस्थान सरकार की मासिक पत्रिका सुजस' की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता बनने पर श्रीमती नीलम सैनी सवाई सिंह जग्गूका का सूचना एवं जनसंपर्क विभाग जयपुर में विशेष सम्मान किया गया।




स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय ए-46,गली नं. 4, विष्णु हिल टॉउन, सीआरपीएफ के पास, अजमेर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com